

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 176 | ग्वालियर शुक्रवार 3 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## शिवराज मंत्रिमंडल का पहला विस्तार

# 28 मंत्रियों ने ली शपथ

## मध्यप्रदेश के राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दिलाई मंत्रियों को शपथ

**भोपाल।** राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल विस्तार शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया था। समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित थे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में 20 केबिनेट एवं 8 राज्यमंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। केबिनेट मंत्री के रूप में गोपाल भार्गव, जगदीश देवड़ा, विजय शाह, बिसाहूलाल सिंह, श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, भूपेन्द्र सिंह, एदल सिंह कंषाना, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, विश्वास सारंग, श्रीमती इमरती देवी, डॉ. प्रभुराम चौधरी, महेन्द्र सिंह सिसौदिया, प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रेम सिंह पटेल, ओमप्रकाश सकलेचा, सुउषा ठाकुर, अरविंद भदौरिया, डॉ. मोहन यादव, हरदीप सिंह डंग और राजवर्धन सिंह प्रेमसिंह दत्तीगांव ने शपथ ली। राज्यमंत्री के रूप में भारत सिंह कुशवाहा, इंदर सिंह परमार, रामखेलावन पटेल, राम किशोर कांवरे, बृजेन्द्र सिंह यादव, गिरिराज डंडौतिया, सुरेश धाकड़ और ओ.पी.एस. भदौरिया ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय मंत्री कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायत नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता थावरचंद गहलोत, केन्द्रीय राज्यमंत्री संस्कृति और पर्यटन प्रहलाद पटेल, सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद सुप्रज्ञा ठाकुर सहित राज्य मंत्री मण्डल के सभी मंत्रीगण उपस्थित थे। शपथ विधि का संचालन मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने किया।



### मंथन में अमृत निकलता है, विष शिव पी जाते हैं



शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नई कैबिनेट में मंत्रियों के नामों को लेकर आ रही खींचतान की खबरों पर बुधवार को मीडिया के सवाल पर कहा कि, जब भी मंथन होता है, अमृत निकलता है। अमृत तो बंट जाता है, लेकिन विष शिव पी जाते हैं।

### मंथन से निकले विष को अब रोज पीना पड़ेगा

पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि मंथन से निकले विष को तो अब रोज ही पीना पड़ेगा, क्योंकि अब तो रोज मंथन करना पड़ेगा। मंथन इतना लंबा हो गया कि अमृत तो निकला नहीं, सिर्फ विष ही विष निकला है। अमृत के लिए अब तरसना पड़ेगा।



## दो महीने से ये लोग चरित्र पर सवाल उठा रहे, उन्हें कहना चाहता हूं टाइगर अभी जिंदा है: सिंधिया

**भोपाल।** भाजपा के राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजभवन में शपथ समारोह के बाद मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बगैर कहा- 24 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव होने हैं, मेरी जनता 15 महीने की भ्रष्टों की सरकार को जवाब देगी। न्याय के रास्ते पर चलना हम सबका धर्म है। अगर उसके लिए युद्ध भी करना पड़े तो ज्योतिरादित्य सिंधिया हमेशा पहली पंक्ति में खड़ा रहेगा। सिंधिया ने यह भी कहा- 'अब मैं देख रहा हूं कि पिछले दो महीने से ये लोग (कांग्रेस) लोग चरित्र को धूमिल करने की कोशिश कर



रहे हैं। मैं इन्हें कहना चाहता हूं कि टाइगर अभी जिंदा है।' राज्यसभा सांसद बनने के बाद पहली बार भोपाल आए सिंधिया ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वह भोपाल के दो दिन के दौरे पर आए हैं। सिंधिया ने कहा- 'हर चुनाव में चुनौती होती है, लेकिन मध्य प्रदेश की जनता जागरूक है। 15 महीने की सरकार (कमलनाथ सरकार) ने यहां पर हर तरह का भ्रष्टाचार फैलाया। लोगों के साथ वादाखिलाफी की गई। भाजपा की शिवराज सिंह सरकार ने हमेशा जनता की सेवा का रास्ता अपनाया है। मुझे पूरा विश्वास है कि 24 की 24 सीटों में भाजपा का झंडा बुलंद होगा। 15 महीने की भ्रष्टों की सरकार को मेरी जनता जवाब देगी।' सिंधिया के मुताबिक- 'मध्य प्रदेश के मंत्रिमंडल का विस्तार जनसेवकों का विस्तार है। यहां पर सिंहासन पकड़ने के लिए गलत तरीके अपनाए गए। आज शिवराज जी के जनसेवकों की सेना का गठन हुआ है। सभी जनसेवक मंत्रियों से एक ही निवेदन है कि हमें अपने प्रदेश की आवाज को बुलंद करना है। हर एक वर्ग के लोगों के हितों के लिए काम करना है। एक विकासशील सरकार बने और देश के सामने मध्य प्रदेश का सीना चौड़ा हो।

### भाजपा के 16, इनमें 7 पुराने और 9 नए चेहरे

1. गोपाल भार्गव
2. भूपेंद्र सिंह
3. यशोधरा राजे सिंधिया
4. विजय शाह
5.जगदीश देवड़ा
6. बृजेंद्र प्रताप सिंह
7. विश्वास सारंग
8. प्रेम सिंह पटेल
9. इंदर सिंह परमार
10. उषा ठाकुर
11. ओम प्रकाश सकलेचा
12. भारत सिंह कुशवाह
13. रामकिशोर कांवरे
14. मोहन यादव
15. अरविंद भदौरिया
16. राम खिलावन पटेल

### सिंधिया खेमे से 9 और कांग्रेस से भाजपा में आए 3 मंत्री बने

1. महेंद्र सिंह सिसोदिया
2. प्रभुराम चौधरी
3. प्रद्युम्न सिंह तोमर
4. इमरती देवी
5. राज्यवर्धन सिंह
6. ओपीएस भदौरिया
7. गिर्राज दंडोतिया
8. सुरेश धाकड़ (राठखेड़ा)
9. बृजेंद्र सिंह यादव

### कांग्रेस से भाजपा में आए

1. हरदीप सिंह डंग
2. बिसाहूलाल सिंह
3. एंदल सिंह कंसाना

## देश में छह लाख के पार हुई कोरोना के संक्रमितों की संख्या

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले 6 लाख को पार कर गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में कुल मरीजों की संख्या 6,04,641 है, जिसमें 17834 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना से अब तक करीब 3 लाख 60 हजार मरीज ठीक हो चुके हैं, जबकि एक्टिव केस की संख्या करीब 2,27000 है। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 19 हजार 148 नए मामले सामने आए हैं और 434 लोगों की मौत हो गई है। 1 जुलाई तक कुल 9056173 सैंपल टेस्ट किए गए हैं। महाराष्ट्र में कोरोना मरीजों का आंकड़ा हर रोज बढ़ता जा रहा है। अभी कुल मरीजों की



संख्या 180298 है, जिसमें 8053 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 93 हजार से अधिक लोग ठीक हो चुके हैं, एक्टिव केस की संख्या 79 हजार से अधिक है। तमिलनाडु में कुल मरीजों का आंकड़ा 94 हजार को पार कर गया है, जिसमें 1264 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 52 हजार से अधिक लोग ठीक हो चुके हैं। एक्टिव केस की संख्या करीब 40 हजार है। देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण की रफ्तार थोड़ी कम हुई है। यहां कुल मरीजों का आंकड़ा करीब 90 हजार है, जिसमें 2803 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक करीब 60 हजार लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि एक्टिव केस की संख्या 27 हजार से अधिक है। गुजरात में कोरोना संक्रमण की रफ्तार थम गई है। कुल मरीजों की संख्या 33 हजार 232 है, जिसमें 1867 लोगों की मौत हो चुकी है।

## ताजमहल, लालकिले का दीदार अब 6 जुलाई से कर सकेंगे सैलानी, सरकार का निर्णय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने गुरूवार 2 जुलाई को कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित सभी स्मारक 6 जुलाई से जनता के लिए फिर खुल जाएंगे. इससे पहले जून में संस्कृति मंत्रालय ने एएसआई के रखरखाव वाले 3,000 से अधिक स्मारकों में से 820 को फिर खोल दिया था, जहां धार्मिक समारोह होते हैं. कोरोना वायरस संकट के मद्देनजर 17 मार्च से केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित 3,691 स्मारक और पुरातत्व स्थल बंद थे, जिनकी देखभाल एएसआई करता है. मंत्री ने कहा कि स्मारक के अधिकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी कोरोना वायरस से संबंधित सभी प्रोटोकॉल का पालन करेंगे.



सूत्रों के अनुसार ऐसे स्थलों पर पर्यटकों के लिए मास्क पहनने का नियम बनाया जा सकता है.पटेल ने ट्वीट किया, मैंने संस्कृति मंत्रालय और एएसआई के साथ मिलकर सभी स्मारकों को छह जुलाई से फिर से खोलने का निर्णय लिया है. हालांकि राज्य और जिला प्रशासन की अनुमति से ही ऐसा किया जाएगा. अधिकारियों ने कहा कि जो भी स्मारक फिर खुलेंगे, उनमें स्वास्थ्य मंत्रालय और गृह मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाएगा.

### सीमा पर भारत-चीन में तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ का लद्दाख दौरा स्थगित

**नई दिल्ली ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लेह दौरा टल गया है। राजनाथ सिंह को शुक्रवार को लेह जाना था, लेकिन इसे टाल दिया गया है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दौरे की नई तारीख का जल्द ऐलान किया जाएगा। राजनाथ सिंह कल लेह जाकर चीन सीमा के हालत की समीक्षा करने वाले थे। चीन के खिलाफ सरहद पर मोर्चा मजबूत करने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भारत-चीन तनाव के ग्राउंड जीरो तक जाने की योजना थी।



### बाबरी विध्वंस प्रकरण

## सीबीआई अदालत में पेश हुईं उमा भारती, खुद को बताया निर्दोष

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस के मामले में बृहस्पतिवार को विशेष सीबीआई अदालत में पेश हुई। इस मामले में अदालत में बयान दर्ज कराने वाली वह 19वीं अभियुक्त हैं। उन्होंने विशेष सीबीआई जज न्यायमूर्ति एसके यादव की अदालत में दिए गए अपने बयान में कहा कि 1992 में केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक बदले की भावना से उन पर बाबरी विध्वंस के आरोप मढ़े हैं। वह बिल्कुल निर्दोष हैं। वहीं अदालत से बाहर आने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि उन्होंने कहा कि मैं तो राम भक्त हूं और राम भक्ति के भाव की वजह से मैंने इस पूर्ण अभियान में भाग लिया। न्यायालय में भाजपा नेत्री साध्वी उमा भारतीय ने कहा कि तत्कालीन केंद्र सरकार ने बाबरी विध्वंस मामले में अपने राजनीतिक हितों को साधने के लिए उनके तथा अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश


## वायुसेना को मिलेंगे 33 फाइटर जेट

## रूस से 12 सुखोई और 21 मिग-29 खरीदने के प्रस्ताव को रक्षा मंत्रालय की मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को रूस से 33 फाइटर जेट खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 18 हजार 148 करोड़ रुपए के इस प्रपोजल के तहत रूस से 12 सुखोई-30एमकेआई और 21 मिग-29 खरीदे जाएंगे। इसके अलावा देश में मौजूदा 59 मिग-29 को अपग्रेड भी किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने नेवी और एयरफोर्स के लिए 248 अस्त्र एयर टू एयर मिसाइल खरीदने को भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा डीआरडीओ



को एक हजार किलोमीटर तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल डेवलप करने को भी मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने डिफेंस के लिए 38 हजार 900 करोड़ रुपए की खरीदारी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इनमें से 31 हजार 130 करोड़ रुपए की खरीदारी इंडियन इंडस्ट्री से की जाएगी। इसके तहत पिनाका रॉकेट लॉन्चर के एम्युनिशन और बीएमपी कॉम्बैट व्हीकल को अपग्रेड करने की भी मंजूरी दी है। इसके अलावा आर्मी के लिए रेडियो के सॉफ्टवेयर भी खरीदे जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि वायुसेना को कई अलग-अलग हादसों में फाइटर जेट खोने के बाद नए एयरक्राफ्ट चाहिए। पिछले 10 से 15 साल के दौरान वायुसेना ने 272 सुखोई-30 फाइटर जेट का ऑर्डर दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि अब तक जितने एयरक्राफ्ट हासिल किए गए हैं, उनकी संख्या वायुसेना की हैवीवेट एयरक्राफ्ट जरूरतों के लिहाज से मुनासिब है।



ज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 28 मंत्रियों को सांदीपनि सभागार, राजभवन में शपथ दिलाई।

# मुख्यमंत्री चौहान ने मंत्रियों से प्रदेश की जनता के लिए पूरे परिश्रम से जुट जाने का किया आव्हान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज नवगठित मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर समस्त मंत्रियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनसे राज्य की जनता के हित में पूरे परिश्रम से जुटकर कार्य करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि मंत्रीगण विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के सुझावों के अनुरूप समन्वय से कार्य करते हुए प्रदेश की जनता का कल्याण सुनिश्चित करें। कोरोना से लड़खड़ाई अर्थव्यवस्था भी धीरे-धीरे ठीक होगी और मध्यप्रदेश को बदलने में समय नहीं लगेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने गत तीन माह में राज्य सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी विस्तार पूर्वक दी। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने प्रदेश में कोविड-19 के नियंत्रण के लिए किए गए प्रयासों और वर्तमान स्थिति की जानकारी प्रजेंटेशन द्वारा दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की साढ़े सात करोड़ जनता के लिए हमें कार्य करना है। हम अपने लिए नहीं बल्कि आमजन के लिए इस जिम्मेदारी को वहन करने के लिए पूरी योग्यता, परिश्रम और तनमयता से कार्य करें। मुझे आशा है कि समस्त मंत्रीगण सौंपे गए उत्तरदायित्व को कर्मठता से पूरा करेंगे। श्री चौहान ने कहा कि यह प्रयास होना चाहिए कि मेहनत की पराकाष्ठा हो, पारदर्शिता हो और प्रमाणिकता भी स्थापित हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमें टीम के रूप में कार्य करना है। मौजूदा कोरोना संकट ने अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित किया है। इसके बावजूद हम पूरी क्षमताओं से, आनंद और प्रसन्नता के साथ कार्य करें। स्नेह सौजन्य मित्रता, सहयोग की भावना के साथ खुद के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए प्रदेश की जनता को स्वस्थ्य रखने और उन्हें विकास का लाभ पहुँचाने के पूरे प्रयत्न करें।

मंत्रिपरिषद की बैठक



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर जानकारी दी कि प्रत्येक मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने मंत्रीगण से अनुरोध किया कि सोमवार और मंगलवार को राजधानी भोपाल में रहकर कार्य निष्पादन करें। बैठक में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश में कोविड-19 के नियंत्रण के प्रयास सफल हुए हैं। कोरोना पॉजीटिव रोगियों का निशुल्क उपचार शासकीय अस्पतालों और शासन द्वारा अनुबंधित निजी अस्पतालों में किया जा रहा है। प्रदेश में आईआईटीटी रणनीति के तहत कार्य हुआ है। सर्व प्रथम रोग की पहचान अर्थात आईडेंटिफिकेशन फिर रोगियों के लिए आईसोलेशन की व्यवस्था के प्रयास किए गए। टेस्टिंग क्षमता बढ़ाते हुए ट्रीटमेंट की समुचित कार्यवाही की गई। किल-कोरोना अभियान 1 जुलाई से प्रारंभ हुआ है इसके अंतर्गत घर-घर सर्वेक्षण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रियों से आग्रह किया कि इस अभियान में शामिल होकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। आयुर्वेदिक काढ़े की उपयोगिता सिद्ध हुई है। इसके प्रयोग के लिए भी आमजन को प्रेरित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि वर्तमान में मुरैना क्षेत्र में पॉजीटिव प्रकरण बनने के पश्चात नियंत्रण के सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में कोरोना की ग्रोथ रेट अन्य राज्यों से कम है। भारत की औसत 3.63 ग्रोथ रेट के मुकाबले मध्यप्रदेश में यह ग्रोथ रेट आधे से भी कम सिर्फ 1.48 है। रिकवरी रेट में मध्यप्रदेश लगभग 75 प्रतिशत रोगियों को ठीक करते हुए देश में दूसरे नंबर पर है। नीमच, बुरहानपुर, ग्वालियर, सागर से अभी भी पॉजीटिव प्रकरण आने की सूचनाएं आती हैं। इसके अनुसार आवश्यक कदम भी तत्काल उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि देश में संक्रमण की दृष्टि से मध्यप्रदेश साढ़े तीन माह पूर्व चौथे क्रम पर था। वर्तमान में मध्यप्रदेश 13वें क्रम पर है। सोशल डिस्टेंसिंग के पालन, मॉस्क के उपयोग और कहीं भी न थूकने जैसी सावधानियों के पालन के साथ प्रदेशवासियों ने राज्य सरकार के प्रयासों में सहयोग दिया है। मंत्रिपरिषद सदस्यों के लिए प्रजेंटेशन में जानकारी दी कि प्रदेश में प्रतिदिन 9800 कोरोना टेस्ट की क्षमता विकसित हो चुकी है। कुल 78 जांच लेब कार्य कर रही हैं। प्रदेश की औसत मृत्यु दर कभी 11 प्रतिशत से अधिक थी जो वर्तमान में 2 प्रतिशत से भी कम हो गई है। प्रदेश में रोगियों के लिए उपलब्ध करवाए गए सामान्य बेड, ऑक्सीजन बेड और आईसीयू बेड में से 17 प्रतिशत का ही इस्तेमाल हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश में 24 हजार 235 सामान्य बेड, 8924 ऑक्सीजन बेड और 317 आईसीयू बेड उपलब्ध हैं। सार्थक एप के माध्यम से रोगियों के लक्षण की जानकारी मिलने और उपचार में सहायता मिल रही है। प्रदेश में 852 फीवर क्लीनिक कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सवा तीन माह की अवधि में करीब पौने तीन सौ घंटे वीडियो कान्फ्रेंस और बैठकों के माध्यम से सतत् समीक्षा कर कोरोना नियंत्रण के कार्य को अपने निर्देशन में संपादित किया है। मुख्यमंत्री कोविड योद्धा कल्याण योजना 2020 लागू कर अब तक 20 कोविड योद्धाओं के परिवारों को लाभ दिया गया ।

## मंत्री मंडल विस्तार में मंत्री बने सभी मंत्रियों को सिंधिया समर्थक नेता अशोक चौधरी ने दी बधाई





**भाजपा नेता अशोक चौधरी समर्थकों ने उनके निबास पर मिठाई बांटकर एबम गोले चलाकर किया खुशी का इजहार**

**लहार।** महाराज श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया पर देश मे फैले कोरोना महामारी के चलते मंत्रिमंडल बिस्तार लटका हुआ था जिसका आज बिस्तार किया गया जिसमें सिंधिया समर्थक पूर्व विधायको को भाजपा द्वारा मंत्रिपद से नबाजा गया और इसी क्रम में आज सिंधिया समर्थक अशोक चौधरी ने सभी मंत्रियों को बधाई प्रेषित की और कहा कि महाराज सिंधिया के मार्गदर्शन में हम उपचुनाव में सभी सीटों पर बिजय हासिल केरेगें ओर इसी क्रम में आज सिंधिया समर्थक नेता अशोक चौधरी निबास लहार विधानसभा के ग्राम खिरिया में गोले चलबाकर मिठाई वितरित की मंत्री मंडल में जगह मिलने बाले तुलसी सिलावट,गोविंद राजपूत,महेंद्र सिसोदिया, राजबर्धन दत्तिगाओं,प्रादुम्म सिंह तोमर,प्रभूराम चौधरी,इमरती देवी,बिसाहुलाल सिंह,एंदल सिंह कंसाना,हरदीप सिंह डंग,बृजेन्द्र यादव,ओ.पी.एस भदौरिया, गिरिराज डंडोतिया,सुरेश रथखेड़ा एबम माननीय मुख्यमंत्री शिवराज मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्रियों से भोपाल में स्वम मिलकर बधाई प्रेषित की और महाराज सिंधिया से मिलकर गुप्त मन्त्रणा की ओर लहार विधानसभा के विकास के लिए बिशेष चर्चा की।

## भाजपा नेताओ ने चीन के पुतले ओर सामान को आग लगाई

**भोपाल।** राजधानी के 10 नंबर मार्केट में मध्य विधानसभा के पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह द्वारा अपने सर्मथको के साथ चीन के खिलाफ विरोध जताते हुए चीन को पुतला और वहॉ का बना इलेक्ट्रॉनिक सामना जलाया गया। इस दौरान गुस्साये भाजपा कार्यकर्ताओ ने चीन के खिलाफ जमकर नारेबाती करते हुए इसे चीनी होली का नाम दिया। इस मौके पर सभी पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह, आदित्य नाथ सिंह, अजय सेठी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अब्दुल सलीम, गोपाल तोमर, बाबर, राजकुमार, पप्पू पावे, आशाराम शर्मा, सीमा सिंह, सुषमा, बबीता, नितिन दुबे, शरण खटीक सहित बडी संख्या मे अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि भदोरिया महामंत्री नियुक्त



**उज्जैन।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि भदोरिया को पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति पर सभी प्रदेशवासियों को काफी हर्षोल्लास है क्षत्रिय समाज के द्वारा उनको बहुत-बहुत बधाई दी जाती है बधाई देने वालों में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मध्य प्रदेश के अध्यक्ष राजवीर सिंह राठौर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष कान्हा परमार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संभागीय अध्यक्ष इंद्रजीत परमार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजीव सिंह तोमर बल्ले,युवा जिला अध्यक्ष रिशु तोमर संभागीय संगठन मंत्री सोनू राजावत जिला उपाध्यक्ष बाबू चौहान,पूर्व जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह तोमर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री मोहन सिंह कुशवाहा सभी ने उनकी नियुक्ति पर कमलनाथ जी का आभार प्रकट किया है

# कैबिनेट में शासन के निर्णयों पर प्रजेन्टेशन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में केबिनेट में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने राज्य शासन के 3 माह के निर्णयों से अवगत कराया। मंत्रि-परिषद को बताया गया कि 14 लाख 98 हजार प्रवासी श्रमिक परिवार वापस आये। इनमें से 6 लाख 8 हजार श्रमिक ट्रेन/बस से वापस लाये गये। सरकार द्वारा अन्य साधनों से गृह स्थानों तक 8 लाख श्रमिकों को पहुंचाया गया। अन्य राज्यों के पांच लाख 5 हजार मजदूरों को बसें लगाकर सीमावर्ती राज्यों की सीमा तक छोड़ा गया। प्रदेश से होकर 150 श्रमिक स्पेशल ट्रेन चलाई गई। श्रमिकों के आवागमन के लिए 30 हजार से अधिक बसों के फेरे हुये। श्रमिकों के परिवहन एवं अन्य व्यवस्थाओं पर लगभग 150

**मुख्य सचिव ने योजनाओं और क्रियान्वयन पर दी जानकारी**



करोड़ रूपये व्यय किये गये। मुख्यमंत्री प्रवासी मजदूर सहायता योजना 2020 शुरू कर 1 लाख 52 हजार श्रमिकों के खातों में 15 करोड़ 22 लाख रूपये की राशि जमा की गई। प्रवासी श्रमिक आयोग का गठन किया गया। श्रम सिद्धी अभियान में 25 लाख 30 हजार से अधिक श्रमिकों का नियोजन किया गया। लगभग 3 लाख 47 हजार प्रवासी श्रमिकों को नये जॉब कार्ड प्रदान किये गये। इनमें से 1 लाख 76 हजार श्रमिकों को मनरेगा में रोजगार प्राप्त हुआ। रोजगार सेतु पोर्टल प्रवासी मजदूरों एवं स्थानीय नियोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रानिक लेबर मार्केट प्लेस के रूप में विकसित किया गया। पोर्टल पर 7 लाख 30 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिकों तथा 5 लाख 80 हजार से अधिक परिवार के सदस्यों (कुल 13 लाख 10 हजार से अधिक) का पंजीयन किया गया। अब तक 23 हजार 500 से अधिक नियोक्ता पंजीकृत हो गये हैं। साथ ही 11 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिकों को उनकी कुशलता के आधार पर स्थानीय नियोक्ताओं द्वारा रोजगार उपलब्ध करवाया गया। गेहूँ उपार्जन में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर रहा। पचास दिनों में लगभग 16 लाख किसानों से 1 करोड़ 29 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ का उपार्जन हुआ। देश के सभी राज्यों द्वारा कुल उपार्जन गेहूँ का एक तिहाई मध्यप्रदेश में उपार्जन किया गया। 15 लाख 93 हजार किसानों के खातों में 24 हजार करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की गई । पूरी उपार्जन प्रक्रिया में एक भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित नहीं हुआ। चना, सरसों और मसूर का उपार्जन पूर्ण किया गया।

## संपादकीए

# चीन की दुखती रग पर हाथ

चीन को सबक सिखाने के लिए भारत उसे सामरिक और आर्थिक दोनों मोर्चों पर घेर चुका है। अभी तक लद्दाख में हेकड़ी दिखा रहे चीन के 59 ऐप्स पर भारत में बैन लगने के बाद ड्रैगन हकलाने लगा है। भारत ने चीन को घेरने के लिए अब कूटनीतिक हथियार भी उठा लिया और अब तक हांगकांग में चीन के नए सुरक्षा कानून पर चुप्पी साधने वाले भारत ने इशारों में इस कानून पर सवाल उठाए हैं और दो टूक सुना दिया है। बुधवार को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत ने कहा कि हांगकांग को स्पेशल एडमिनिस्ट्रेटिव रीजन बनाना चीन का घरेलू मामला है लेकिन भारत हाल की घटनाओं पर करीबी नजर रखे हुए है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजीव चंदर ने कहा, हम हाल की इन घटनाओं पर चिंता जताने वाले कई बयान सुन चुके हैं। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष इन बातों का ध्यान रखेंगे और इसका उचित, गंभीर और निष्पक्ष समाधान करेंगे। हालांकि भारत ने अपने बयान में चीन का नाम नहीं लिया। भारत ने यह बयान दुनिया में मानवाधिकार स्थिति पर हो रही चर्चा के दौरान दिया। भारत ने पहली बार हांगकांग के मुद्दे पर बोला है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के आक्रामक रवैये और पिछले महीने गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद भारत का यह बयान आया है। दोनों देशों के पिछले एक महीने से ज्यादा वक्त से लद्दाख में तनाव चल रहा है। देखा जाए तो चीनी दमन के खिलाफ और लोकतंत्र की मांग को लेकर हांगकांग में समय-समय पर जिस तरह से बड़े प्रदर्शन होते रहे हैं, वे चीन के लिए मुश्किलें पैदा करने वाले रहे हैं। हांगकांग में पिछले साल छह महीने से ज्यादा समय तक प्रदर्शनकारी सड़कों पर जमे रहे थे, संसद का घेराव किया था और चीनी प्रतिष्ठानों पर हमले किए थे। हांगकांग के नागरिकों का यह जज्बा इस बात का प्रमाण है कि वे चीन के सामने आसानी से झुकने वाले नहीं हैं।दुनियाभर के विरोध को दरकिनार करते हुए चीन ने आखिरकार पूरी हठधर्मिता और ताकत के साथ हांगकांग में विवादास्पद राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को लागू कर दिया। जाहिर है, अब इस कानून की आड़ में चीन हांगकांग के नागरिकों का दमन और तेज करेगा और लोकतंत्र समर्थकों को सबक सिखाएगा। चीन की संसद ने मई के आखिरी हफ्ते में इस कानून को पास कर दिया था। उसके बाद तीस जून को चीन के शीर्ष विधायी निकाय नेशनल पीपुल्स कांग्रेस स्टैंडिंग कमेटी ने भी इसे हरी झंडी दे दी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस पर हस्ताक्षर कर दिए। हालांकि यह संकेत तो पहले ही मिल चुके थे कि चीन किसी भी सूरत में हांगकांग को छोडने वाला नहीं है और वह हर हाल में इस कानून को लागू करके रहेगा।

# वायुसेना की ताकत बनेंगे चिनूक–अपाचे


चीन के साथ बढ़ रहे तनावपूर्ण माहौल में भारतीय वायुसेना ने चीन से लगे सभी अग्रिम मोर्चों पर हाई अलर्ट के साथ अपने लड़ाकू विमानों और हेलीकाप्टरों की तैनाती बढ़ा दी है। वायुसेना के सबसे आधुनिक लड़ाकू जेट सुखोई, जगुआर, मिराज-2000, मिग के अलावा अत्याधुनिक तकनीकों से लैस अपाचे और चिनूक हेलीकाप्टरों को भी लेह-लद्दाख इलाकों में तैनात कर दिया गया है। ये दोनों ऐसे हेलीकॉप्टर हैं, जो चीन की वायुसेना पर भारी पड़ सकते हैं। ऐसे में इनकी विशेषताओं के बारे में जानना जरूरी है। अमेरिकी कम्पनी 'बोइंग' द्वारा निर्मित सीएच-47एफ चिनूक हेलीकॉप्टर दुनिया के कई प्रमुख देशों में काफी लोकप्रिय हैं, जो पिछले साल वायुसेना के बेड़े में शामिल हो चुके हैं। यह अमेरिकी हेलीकॉप्टर बहुत ज्यादा वजन उठाने में सक्षम है। यह वही हेलीकॉप्टर है, जिसके जरिये अमेरिका ने दुर्दान्त आतंकवादी ओसामा-बिन-लादेन को मार गिराया था। चिनूक ऐसा एडवांस्ड मल्टी मिशन हेलीकॉप्टर है, जो भारतीय वायुसेना को बेजोड़ सामरिक महत्व की हैवी लिफ्ट क्षमता प्रदान करता है, साथ ही इसका मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यह बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर बहुत तेज गति से 20 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरने और 11 टन तक का वजन ले जाने में सक्षम है और इसका इस्तेमाल दुर्गम और अत्यधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर सेना के जवानों, हथियारों, मशीनों तथा अन्य प्रकार की रक्षा सामग्री ले जाने में आसानी से किया जा सकता है, जिससे ऐसे स्थानों पर तैनात सेना के जवानों को जरूरत पड़ने पर हथियार तथा अन्य भारी-भरकम रक्षा सामग्री आसानी से मुहैया करवाई जा सकती है। यह छोटे हेलीपैड तथा घनी घाटियों में भी उतर सकता है और किसी भी प्रकार के मौसम का सामना कर सकता है। इसमें एक साथ 45 सैनिकों के बैठने की व्यवस्था है और इसमें छोटी तोपें, बख्तरबंद गाड़ियां इत्यादि विभिन्न युद्धक सामान नीचे लटकाकर कहीं भी ले जाए जा सकते हैं। चूंकि चिनूक बहुत तेज गति से उड़ान भरता है, इसलिए बेहद घनी पहाड़ियों में भी यह सफलतापूर्वक कार्य कर सकता है। मल्टी रोल, वर्टिकल लिफ्ट प्लेटफॉर्म वाला यह हेलीकॉप्टर 315 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है। आमतौर पर वायुसेना के हेलीकॉप्टर में सिंगल रोटर इंजन होता है जबकि चिनूक में दो रोटर इंजन लगे हैं, जो नया कॉन्सेप्ट माना गया है। इसमें कोई टेल रोटर नहीं है बल्कि इसमें अधिक सामान ढ़ोने के लिए दो मेन रोटर लगाए गए हैं। भारी सामान ढ़ोने के लिए इसमें तीन हुक लगे हैं। रात में भी उड़ान भरने और ऑपरेशन को अंजाम देने में सक्षम यह हेलिकॉप्टर घने कोहरे तथा धुंध में भी बखूबी कारगर है। इसे बेहद कुशलता के साथ मुश्किल से मुश्किल जमीन पर भी ऑपरेट किया जा सकता है। चिनूक में मिसाइल वार्निंग सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है तथा इसमें तीन मशीनगन भी सैट की गई हैं। लैंडिंग के समय जमीन पर मौजूद किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने के लिए इनका इस्तेमाल होता है। मौजूदा समय में यह अमेरिका के सबसे तेज हेलीकॉप्टरों में से एक माना जाता है, जिसमें कॉमन एविएशन आर्किटेक्चर कॉकपिट तथा एडवांस्ड कॉकपिट प्रबंध जैसी विशेषताएं भी हैं। समय की मांग के साथ चिनूक में पूर्णतया एकीकृत डिजिटल कॉकपिट मैनेजमेंट प्रणाली सहित रोटर ब्लैड, एंडवांस्ड फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम इत्यादि कई बदलाव करते हुए इसके वजन को कम किया गया है और तकनीक में सुधार करते हुए इसे बेहद उन्नत बनाया गया है। हालांकि चिनूक का आकार काफी बड़ा है लेकिन बड़े आकार के बावजूद अन्य हेलीकॉप्टरों के मुकाबले इसकी गति बेहद तेज होती है, जिससे दुर्गम स्थानों पर भी यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इसका इस्तेमाल अन्य युद्धक हेलीकॉप्टरों की तरह सीधे तौर पर युद्ध में दुश्मन पर हमला करने में नहीं होता बल्कि यह सैनिकों तथा सैन्य साजो-सामान को दुर्गम स्थानों तक पहुंचाने के लिए उपयोग किया रहा है। ऐसे में चीन से जंग होने की स्थिति में भारतीय वायुसेना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चिनूक के अलावा अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर भी चीन के खिलाफ वायुसेना को काफी मजबूती प्रदान करेंगे। 'बोइंग' द्वारा निर्मित 'लादेन किलर' नाम से विख्यात एएच-64ई अपाचे गार्जियन अटैक हेलीकॉप्टर को दुनिया के सबसे आधुनिक और घातक हेलीकॉप्टरों के रूप में जाना जाता है। यह अमेरिकी सेना तथा कई अन्य अतंर्राष्ट्रीय रक्षा सेनाओं का सबसे एडवांस मल्टी रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है, जो एक साथ कई कार्यों को अंजाम दे सकता है। इसे दुनिया की सबसे परिष्कृत ऐसी घातक मशीन कहा जाता है, जो दुश्मनों पर बहुत बेरहम साबित होती है। अपाचे को दो पायलट उड़ाते हैं, मुख्य पायलट पीछे बैठता है, जिसकी सीट थोड़ी ऊंची होती है, वही हेलीकॉप्टर को नियंत्रित करता है जबकि आगे बैठा दूसरा पायलट निशाना लगाता है और फायर करता है। अपाचे का निशाना बहुत सटीक है, जो युद्ध के मैदान में केवल दुश्मन के परखच्चे उड़ाने का ही काम नहीं करता बल्कि युद्धस्थल की तस्वीरें खींचकर उन्हें अपने एयरबेस पर ट्रांसमिट भी कर देता है।



करीब 16 फुट ऊंचे और 18 फुट चौड़े अपाचे के बड़े विंग को चलाने के लिए इसमें दो इंजन फिट हैं, जिस कारण इसकी रफ्तार बहुत ज्यादा है। भारतीय वायुसेना की सामरिक जरूरतों के लिहाज से अपाचे इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारी वायुसेना की जरूरत के मुताबिक ही इसमें अपेक्षित बदलाव किए गए हैं। यह ऐसा अग्रणी बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलीकॉप्टर है, जो दुश्मन की नाक के नीचे किसी भी मिशन को पूरा करने में सक्षम है। इसे छिपकर वार करने के लिए जाना जाता है। दुश्मन की किलेबंदी को भेदकर उसके इलाके में आसानी से घुसने की क्षमता, जमीन के काफी करीब उड़ान भरने में कारगर, हवा से जमीन में मार करने वाली मिसाइलों और बंदूकों से लैस, सिर्फ 1 मिनट में 128 टारगेट निशाना बनाने तथा दिन के अलावा रात में भी आसानी से कहीं भी जाने में सक्षम, किसी भी मौसम में उड़ान भरने तथा आसानी से टारगेट डिटेक्ट करने में सक्षम, दुश्मन के रडार को आसानी से चकमा देने में माहिर इत्यादि अनेक खूबियों से लैस अपाचे का अमेरिका पनामा से लेकर अफगानिस्तान और इराक तक के साथ दुश्मनों को धूल चटाने के लिए इस्तेमाल कर चुका है इसमें सटीक मार करने और जमीन से उत्पन्न खतरों के बीच प्रतिकूल हवाईक्षेत्र में परिचालित होने की अद्भुत क्षमता है। 280 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम यह हेलीकॉप्टर तेज गति के कारण आसानी से दुश्मनों के टैंकरों के परखच्चे उड़ा सकता है। बहुत तेज रफ्तार से दौड़ने में सक्षम इस हेलीकॉप्टर को रडार पर पकड़ना बेहद मुश्किल है। यह बगैर पहचान में आए चलते-फिरते या रूके हुए लक्ष्यों को आसानी से भांप सकता है। एक मिनट के भीतर यह 128 लक्ष्यों से होने वाले खतरों को भांपकर उन्हें प्राथमिकता के साथ बता देता है। इसे इस तरीके से डिजाइन किया गया है कि यह युद्ध क्षेत्र में किसी भी परिस्थिति में टिका रह सकता है। यह किसी भी मौसम या किसी भी स्थिति में दुश्मन पर हमला कर सकता है और नाइट विजन सिस्टम की मदद से रात में भी दुश्मनों की टोह लेने, हवा से जमीन पर मार करने वाले रॉकेट दागने और मिसाइल आदि ढ़ोने में सक्षम है। टारगेट को लोकेट, ट्रैक और अटैक करने के लिए इसमें लेजर, इंफ्रारेड, सिर्फ टारगेट को ही देखने, पायलट के लिए नाइट विजन सेंसर सहित कई आधुनिक तकनीकें समाहित की गई हैं। अपाचे एक बार में पौने तीन घंटे तक उड़ सकता है और इसकी फ्लाइंग रेंज करीब 550 किलोमीटर है। इसमें 360 डिग्री तक घूम सकने वाला अत्याधुनिक फायर कंट्रोल रडार तथा निशाना साधने वाला सिस्टम लगा है। दो जनरल इलैक्ट्रिक टी-700 हाई परफॉरमेंस टर्बोशाफ्ट इंजनों से लैस इस हेलीकॉप्टर में आगे की तरफ एक सेंसर फिट है, जिसके चलते यह रात के अंधेरे में भी उड़ान भर सकता है।

## आग

कहीं पर देह जलती है
कहीं पर प्राण जलता है
कहीं पर वासना जलती
कहीं अभिमान जलता है
न जलता है गगन के भाल पर उगता हुआ सूरज
शीतल आसमाँ में शीत,शापित चाँद जलता है
चुभन उठती है अंतश में
नया इक घाव जलता है
मनुज को देखकर हँसता
मनुज का भाव जलता है
न जलता है धरा का कलकलाता नीर ही केवल
किसी की दर्द आँखों में उबलता पान जलता है
किसी के भाव से खेलो
किसी के घाव से खेलो
न बैठो दूर दरिया के
भँवर की नाव से खेलो
न जलती है घ्रणा के खेल में मानव की मानवता
देख कर खेल त्रष्णा का मही का मान जलता है
कहीं पर कर्ण जलता है
कहीं पर दान जलता है
कहीं पर धर्म जलजाता
कहीं इंसान जलता है
न जलता है यहाँ केवल किसी का ख्वाब सीने में
समूचा विश्व जलता है स्वयं भगवान जलता है



**नाम-अनुज गुप्ता**
**आलमपुर (भिण्ड)**

## माँ

सृष्टि का श्रंगार है है माँ
वंश का आधार है माँ
ईश्वर का उपहार है माँ
उत्सव और त्यौहार है माँ
कभी शारदा कभी माँ काली
दुष्टो का संहार है माँ
संस्कृति और संस्कार है माँ
स्वागत और सत्कार है माँ
ग्रहस्थी की पतवार है माँ
रिस्तों में सबका प्यार है माँ
नियम नीति और परम्पराये
घर आँगन की शान है माँ
किसी की माँ तो किसी की वेटी
किसी का अनमोल प्यार है माँ
माँ ही पूजा माँ ही भक्ति
इनसे बढ़के और न शक्ति।



**नीलम सोनी**
आलमपुर जिला भिण्ड म-प्र

## मंत्रमुग्ध तितलियां

नफरत में भी प्यार छुपा हो,
कुछ ऐसे आकर मिलना तुम
हर धड़कन पर नाम तेरा हो
कुछ ऐसे आकर मिलना तुम
रंगीन तितलियां ना छोड़े पीछा
यह नित-नित राग बढ़ाती है
मैं कब बनु रागिनी तेरी
बस यही बात दोहराती हैं
जलती है किस्मत से मेरी
सब झूठ मुट बतियाती हैं
तुम्हें देख कर सुगम सलोना
वे अपने बींद छुपाती हैं
तुम हंसते जब निष्पाप हंसी
वे भी मंत्रमुग्ध हो जाती है ,
वे भी मंत्रमुग्ध हो जाती हैं।



**नेहा सोनी सनेह**
**आलमपुर मप्र**

## संघर्ष

आत्म स्वाभिमान जीवन में हैं
कुछ कर गुजरने की मन में हैं
संघर्ष बहुत करना होगा
चाहे स्वेद बहुत आज तन में हैं
सफल होने का बहुत हर्ष होगा
अभी तो जीवन में संघर्ष होगा

अनायास मेरी कुछ चाह नहीं
रास्तें की कोई परवाह नहीं
मैं चलूं चाहे अकेला
बिना संघर्ष के कोई राह नहीं
अब अपना संघर्ष हर वर्ष होगा
अभी तो जीवन में संघर्ष होगा

अब किसी हाल में रुक नहीं सकता
अब किसी के आगे झुक नहीं सकता
स्वार्थ नहीं है मेरा जुनून हैं अब
उत्साह किसी हाल में डूब नहीं सकता
अब हर पत्थर में पारस होगा
अभी तो जीवन में संघर्ष होगा



कवि दशरथ प्रजापत पथमेड़ा,
जालोर (राजस्थान)

# महामारी



वैज्ञानिकों ने पाया हर सौ वर्ष में एक नई महामारी जो की लाखों करोड़ों लोगों का जीवन छीन लेती है,अपना प्रकोप ढाती है ,बावजूद सब जानते हुए हम अनजानों सा व्यवहार करते हैं। वर्षों पहले प्लेग आया और उससे भी पहले चिकेन पॉक्स आयी और ये सब नतीज़ा है हमारी प्रकृति को कष्ट पहुँचाने का। बजाय लोगों में साफ़ सफाई की जागरूकता के लोग पॉलिटिकल संगठनों की जागरूकता फ़ैलाने में लगे रहते हैं। प्राकृतिक चिजो को न अपनाकर आधुनिक चीजों को उपयोग करने में लोग लगे रहते हैं।जबकि हम सब जानते हैं आधुनिकता से कहीं ज्यादा उपयोगी प्राकृतिक वस्तुएँ हैं।मानव निर्मित वस्तुएँ आसानी से प्राप्त तो हो जातीं हैं,और उपयोगिता में भी सरल होती हैं, पर स्वास्थय और जीवन के लिए हानिकारक हैं।जबकि प्राकृतिक खादय और जीवन जैसे योगासन प्राकृतिक फल मिलते भी सरलता से हैं और हम प्राप्त भी सरलता से कम दामों में कर सकते हैं।और जीवन के लिए अत्यधिक लाभकारी भी होते हैं। तो प्रण लीजिये , विदेशी वस्तुएँ मानव निर्मित वस्तुओं को कम से कम उपयोग करने की कोशिश करें।वरन् देशी और योग को अपने जीवन में जगह दीजिये। जिससे आने वाली आधुनिकता का हम सही मायने में उपयोग कर सकें।

**-पल्लवी राहुल जिला इटावा**

# जिले की ऐतिहासिक विरासत देवगढ किला

देवगढ़ सतपुड़ा की वादियों में छिंदवाड़ा से 37 किलोमीटर दूर स्थित एक गौरवशाली ऐतिहासिक राज्य का केंद्र रहा है जिसका प्रादुर्भाव वर्तमान बैतूल जिले के खेरला राज्य से माना जाता है यद्यपि कुछ इतिहासकार इसे ''गढामंडला'' से जोड़कर भी देखते हैं तथा संग्रामशाह (1480 से 1530 ई0) के द्वारा देवगढ़ राज्य की स्थापना मानी जाती है परिशियन इतिहासकार फिरिश्ता द्वारा उल्लेखित है कि सन 1398 ई0 में खेरला के राजा नरसिंगराव जोकि अपार धन संपदा और शक्ति का स्वामी था, के द्वारा गोंडवाना क्षेत्र के सभी राजाओं को जीत लिया था।

यद्यपि इस तथ्य को भी कम करके नहीं देखा जा सकता है, जिसमें संग्रामशाह का शासन वर्तमान दमोह सागर से लेकर नर्मदा घाटी क्षेत्र भोपाल तक एवं सिवनी सतपुड़ा के क्षेत्रों तक रहा था। संग्रामशाह की मृत्यु सन 1530 ई0 में होने के बाद उसके पुत्र दलपत शाह की भी मृत्यु (सन 1548 ई0) में होने के बाद ''गोंडवाना'' साम्राज्य गौरवरानी दुर्गावती के अव्यस्क पुत्र नारायण शाह के संरक्षक के तौर पर लगभग 16 वर्ष तक सुदृढ़, सक्षम और लोक कल्याणकारी शासन किया जाता रहा। दिल्ली की सत्ता में सन 1526 ई0 से अकबर का शासन निरंतर दृढ़ होता आ रहा था। वर्ष1564 ई0 में आसफखॉ जोकि अकबर का सिपेहसलार था, के द्वारा रानी दुर्गावती के ऐश्वर्य और ख्याति को सुनकर राज्य पर आधिपत्य प्राप्त करने की नियत देवगढ का किला से हमला किया। रानी द्वारा विशाल मुगल सेना का वीरता से मुकाबला करते हुए अपने प्राण निछावर कि यद्यपि इसके बाद भी लगभग 25 वर्षों तक गड़ा मंडला के शासक कुछ सीमाओं के साथ शासन करते रहे, किंतु इस चुनौतीपूर्ण स्थिति का लाभ उठाते हुए दो गवली सामंत रनसूर धनसूर ने देवगढ़ की सत्ता हथिया ली और स्वतंत्र राज्य की घोषणा कर दी संयोग से यह साल 1560 ई0 ही था इन गवली सरदारों ने अपने आप को गड़ा मंडला से स्वतंत्र किया था। देवगढ़ एक शक्ति केंद्र के रूप में प्रादुर्भाव का श्रेय जिस जाटवशाह (1570से 1620 ई0) के जन्म एवं राज्य प्राप्त करने की कहानी रहस्य पूर्ण है। सन 1907 ई0के जिला छिंदवाड़ा के गजेटियर जिसका संकलन आईसीएस ऑफिसर आरव्ही रसैल ने किया था मैं इसका हवाला है कि जाटवा जोकि गोंड राजवंश का निर्माता था इसका जन्म एक कुवारी मां से हुआ था वह असाधारण शक्ति का स्वामी था युवावस्था में कार्य की खोज में वह रनसूर धनसूर गवली सरदारों के पास नौकरी करने पहुंचा अपनी असाधारण वीरता से उसने सैनिकों में अलग स्थान बनाया उसकी क्षमता से भयभीत होकर किसी बहाने से उसे समाप्त करने की दृष्टि से दिवाली के



दूसरे दिन होने वाले देवीय की परंपरागत पूजा में देवी को बली देने हेतु लकड़ी की तलवार से भैसा का वध करने का आदेश दिया। ऐसी विसंगत स्थिति में भी जाटवा ने भैंसा का तो वध किया ही साथ ही दोनों गवली भाइयों रनसुर धनसुर का भी वध कर करते हुए गौड राजवंश की देवगढ़ में नीव डाली''आईने अकबरी'' में उल्लेखित है कि जाटव शाह के पास अपनी सुव्यवस्थित सेना थी वह उसके पास 2000 घुडसवार 50000 पैदल एवं 100 से ज्यादा हाथियों से सुसज्जित सेना थी। जाटवा एक कुशल शासक था उसने 50 वर्ष के अपने शासनकाल में राज्य का पर्याप्त विस्तार किया जिसमें नागपुर और छिंदवाड़ा भी शामिल था। जाटवा न केवल देवगढ़ के किले का निर्माण कराया साथ ही पाटन सावंगी और नागरधन विदर्भ के इन मुख्यालय को बसाया सन 1620 ई0 में उसकी मृत्यु के पश्चात कोकशाह उनका पुत्र सत्तासीन हुआ सन 1640 ई0 में उसकी मृत्यु के पश्चात कोकशाह का पुत्र जाटवा द्वितीय ने देवगढ़ का राज्य संभाला जाटवाशाह द्वितीय की मृत्यु सन 1657 ई0 में हुई। उसका पुत्र कोकशाह द्वितीय विलासी प्रकृति का राजा था यद्यपि उसका शासन लगभग 30 वर्षों तक रहा। सन 1687 ई0 में उसकी मृत्यु के पश्चात वख्तशाह ने राज्य का शासन संभाला किन्तु भाइयों की आपसी लड़ाई में उसके दूसरे भाई दीनदारशाह ने अपदस्थ कर राज्यकी सत्ता अपने हाथों में ले ली। विवश होकर वख्तशाह ने दिल्ली के केंद्रीय शासन में औरंगजेब से सहायता चाही। इस्लाम धर्म स्वीकारने के बाद ही ''वख्त बुलंद'' की उपाधि प्रदान की गई, उसने मुगल सैनिक की टुकड़ी की मदद से देवगढ़ के राज्य में पुनः राज्य अधिकार प्राप्त कर लिया। वर्तमान में देवगढ़ का किला एवं अन्य संरचनाओं का स्वरूप जो हम देखते हैं उसे विशेषज्ञों ने वख्त बुलंदशाह द्वारा परिमार्जित कर मुगल शैली एवं स्थापत्य की अनुरूप किया जाना स्वीकारा है। अपने अंतिम समय में जब औरंगजेब की स्थिति मराठों से निरंतर होने वाले युद्ध से लगातार कमजोर होती जा रही थी, तब वख्तबुलंद ने देवगढ़ को स्वतंत्र राज्य घोषित कर लिया था।

## डॉक्टर डे

आओ सबको सैर कराए
डॉक्टरों का मान- सम्मान बढ़ाएं
कोई अमीर न, कोई गरीब देखें,
न कोई जात, और न कोई पात माने
सबको निस्वार्थ भाव से सेवा करते
अपने मर्यादा का पालन करते
अपनी स्वास्थ्य की चिंता नहीं करते
रात- दिन लोगों की जिंदगी बचाने में जुड़े रहते
सभी बुरी बीमारियों से बचाव करते
न त्योहार न हॉलिडे पर जाते
चौबीसों घंटे मरीजों का इलाज करते
धरती पर भगवान के दूसरा रूप कहे जाते।।



राज कुमार साव
बादशाही रोड माठ पारा बर्धमानपूर्व
बर्धमान पश्चिम बंगाल

## विषय - स्वदेशी

विधा – गीत

स्वदेशी, स्वदेशी, सब करते हैं रहते
बोलो, किस किस ने, स्वदेशी अपनाया है द्य

ये जो हाथों में हमारे, फोन है प्यारे
ये भी तो, बाहरले मुल्क से आया है द्य

हम तो वस्तुएँ, वहाँ गए थे ना लेने
फिर इनको , भला कौन लाया है द्य

लोग लेते बाहरी वस्तु, मजबूरी सबकी
इनका मोल बहुत कम पाया है द्य

कुछ तो सोच करे सरकार, हमारी भी सोचे
क्यूँ महंगाई को इतना बढ़ाया है द्य

जब होगा सब कुछ, सस्ता यहाँ भी
फिर सब खरीदेंगे माल अपने देश का द्य

तब होगी तरक्की हमारी भी दोस्तो
सबको मिल जाएगा, खाने को भी दोस्तो द्य

यदि सबको मिलेंगे, यहाँ काम करने को
फिर कोई भी, दूसरे देश ना जाएगा

स्वदेशी, स्वदेशी, सब करते हैं रहते
बोलो किस - किस ने, स्वदेशी अपनाया है द्य



करमजीत कौर,
मलोट, जिला श्री मुक्तसर साहिब, पंजाब

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# झुर्रियों और बारीक लकीरों का घरेलू उपचार

महिलाओं का चेहरा उनकी उम्र से ज्यादा बूढा दिखने लगता है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे, धूल मिट्टी, प्रदूषण, सूरज की तेज किरणे, अच्छे आहार की कमी, चेहरे की ठीक से केयर ना करना या फिर हार्मोन में गड़बड़ी आदि। चेहरे पर बारीक लकीरें और झुर्रियां उम्र के साथ साथ और बढ़ने लगती हैं।

इसे दूर करने के लिये महिलाएं तरह-तरह की क्रीम और लोशन लगाती हैं लेकिन कभी इस बात पर ध्यान नहीं देती कि उनके पास आयुर्वेदिक उपचार भी मौजूद है। आइये देखते हैं कि आप चेहरे की झुर्रियों और बारीक लकीरों का घरेलू उपचार से इलाज झुर्रियां मिटाने के आसान टिप्स रोजाना चेहरे पर मॉइस्चराइजर लगाएं एयर कंडीशनर और रूम हीटर त्वचा को रूखा बना देते हैं। इसलिये त्वचा पर भारी मॉइस्चराइजर लगाएं। अपने चेहरे और आंखों के आस पास की त्वचा को ना तो तेजी से रगड़े और ना ही खींचे क्योंकि यह त्वचा बहुत ही संवेदनशील होती है। तेज धूप में बाहर ना निकलें। हमेशा अपने साथ छाता रखें और चेहरे पर सन स्क्रीन लोशन लगाएं। धूम्रपान ना करें। धूम्रपान छोड़ने के आसान तरीके चने और सोया बीन्स का सेवन हमेशा करें।



खूब सारा दूध पियें। योगा और मेडीटेशन करें। घर पर झुर्रियों का बारीक लकीरों को हटाने के लिये घरेलू उपाय

अंडे की जर्दी को हफ्ते में एक बार चेहरे पर 10 मिनट के लिये लगाएं। शहद, जैतून तेल और मलाई लगाने से अच्छा रिजल्ट मिल सकता है।

हफ्ते में एक बार नरिशिंग मास्क लगाएं। खट्टे फल खाइये और झुर्रियां भगाइये दूध से तैयार फेस पैक 1. झुर्रियां उम्र के साथ साथ बढ़ती हैं इसलिये चेहरे को नमी देना बहुत जरुरी है। अपनी त्वचा को दूध से रोज मसाज दें, जिससे उसका रूखा पन खतम हो सके।

आयुर्वेद के हिसाब से हल्दी, मसूर दाल का आटा, दूध और पानी का मिश्रण बना कर चेहरे के लिये फेस पैक बनाएं। इसे कुछ-कुछ दिनों पर लगाने से चेहरे की एजिंग कम हो जाएगी।

हल्दी त्वचा पर ग्लो लाती है और चेहरे के दाग को मिटाती है।

4. आपको रोजाना दूध जरुर पीना चाहिये जिससे आपकी त्वचा अंदर से स्वस्थ रहे। दूध से हड्डी भी मजबूत रहती है और शरीर को बूढा होने से रोकता भी है।

# वैब जर्नलिज्म में ऐसे करे करियर की शुरुवात

**देश में बड़ी संख्या में समाचारपत्र तथा पत्रिकाएं छपती हैं । बदलती तकनीक की वजह से सूचना एवं समाचार की दुनिया में भी आमूलचूल परिवर्तन आया है । अब समाचारपत्रों के प्रकाशन में अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है । जब से इंटरनैट की दुनिया लोकप्रिय हुई है, दीन-दुनिया की खबरों को जानने के लिए इंटरनैट का खूब सहारा लिया जाने लगा है । इंटरनैट के आगमन तथा लोकप्रिय होने के बाद से इंटरनैट संबंधी पत्रकारिता यानी वैब जर्नलिज्म के क्षेत्र में भी तेजी से विकास हुआ है।**



अब अधिक से अधिक समाचारपत्र एवं पत्रिकाओं से लेकर टी.वी. न्यूज चैनल तक इंटरनैट पर उपलब्ध हैं। हर व्यक्ति तेजी से खबरें चाहता है। युवाओं की भी पसंद इंटरनैट बनता जा रहा है।पहले जहां इंटरनैट कम्प्यूटर तक सीमित था, वहीं नई तकनीकों से लैस मोबाइलों में भी इंटरनैट का चलन बढ़ता जा रहा है। किसी भी जगह कहीं भी इंटरनैट का इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसे में वैब जर्नलिज्म के क्षेत्र में करियर के व्यापक अवसर पैदा हुए हैं। दिनों-दिन समाचार, चैनलों व अखबारों की संख्या बढ़ती जा रही है। पत्रकारिता पहले जहां अखबारों, पुस्तकों में हुआ करती थी, वहीं इंटरनैट के बढ़ते प्रचलन के बीच वैब पत्रकारिता का जन्म हुआ। इंटरनैट पर समाचार पोर्टलों के लिए वैब पत्रकारिता में योग्य पत्रकारों की मांग बनी हुई है।

**योग्यता**

इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के पास सबसे पहले तो संबंधित भाषा पर मजबूत पकड़ होनी चाहिए। साथ ही उन्हें इंटरनैट सहित सभी जरूरी कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर एवं तकनीकों का ज्ञान भी होना चाहिए। वैसे जर्नलिज्म के किसी भी क्षेत्र में कदम रखने से पहले मास कम्युनिकेशन या जर्नलिज्म में डिप्लोमा या डिग्री करना बेहतर होता है। इससे इस क्षेत्र में सफलता को काफी हद तक पक्का किया जा सकता है।

**सम्भावनाएं**

वैब पत्रकारिता के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाने के बहुत अधिक अवसर हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए खबरों को समझ कर उन्हें प्रस्तुत करने की कला, तकनीकी ज्ञान, भाषा पर अच्छी पकड़ होना आवश्यक है। न्यूज पोर्टल के रूप में स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली वैबसाइटों की संख्या फिलहाल भारत में अन्य कई देशों से कम है। ऐसी वैबसाइट्स की संख्या ज्यादा है जो अपने वैब पोर्टल के लिए सामग्री अपने चैनलों या अखबारों से लेती हैं परंतु वहां भी वैब जर्नलिस्ट्स या एडिटर्स की काफी जरूरत होती है। इनके अलावा स्वतंत्र न्यूज पोर्टल्स में भी वैब जर्नलिस्ट बनकर युवा करियर संवार सकते हैं।

**कार्य क्षेत्र**

जिस प्रकार अखबारों व पत्रिकाओं में खबरों का चयन, संपादन या लेखन होता है, यही



कार्य इंटरनैट पर किया जाता है। यहां इंटरनैट पोर्टल पर खबरें डालने के लिए उनका चयन, सम्पादन या जरूरत पडने पर खबरें लिखने का काम किया जाता है। यहां कार्य में भी तेजी होनी चाहिए। खबर लिखकर उसका संपादन ही नहीं बल्कि लगातार उसे अपडेट भी करना पड़ता है। यह वैब पत्रकारिता का ही कमाल है कि आप दुनिया के किसी भी कोने में बैठकर किसी भी भाषा में किसी भी देश का अखबार या खबरें पढ़ सकते हैं।

**संस्थान**

मास कम्युनिकेशन या जर्नलिज्म में डिग्री या डिप्लोमा देश भर में स्थित अनेक कालेज एवं विश्वविद्यालयों में उपलब्ध हैं। कई संस्थानों में अब वैब जर्नलिज्म पर केंद्रित विशेष कोर्स भी करवाए जा रहे हैं।

# आयुर्वेदिक नुस्खों से ठीक हो जाते हैं बड़े-बड़े रोग

आयुर्वेद में ऐसे कई उपाय हैं जिनसे असाध्य रोगों जैसे डायबिटीज, मिर्गी, साइनस और अस्थमा आदि में आराम पाया जा सकता है। आइए जानते हैं ऐसे उपचारों के बारे में।

**डायबिटीज**

आम के 15 पत्ते एक गिलास पानी में उबालें फिर रातभर उन्हें ?से ही छोड़ दें। सुबह इस पानी को छानकर खाली पेट पी लें। इसके अलावा रोज एक छोटे करेले का ज्यूस निकालकर पिएं। सुबह शाम मीठे नीम के 5-7 पत्ते चबाकर खाएं। रोजाना लहसुन खाने से भी डायबिटीज में आराम मिलता है।

**अस्थमा**

अस्थमा के रोगियों को एक गिलास गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीना चाहिए। अदरक का रस शहद के साथ लेने से लाभ होता है। एक चम्मच त्रिफला चूर्ण नींबू पानी के साथ लेने से राहत मिलती है। आयुर्वेद में कुछ चूर्ण इस रोग में लाभदायक होते हैं जैसे मुक्तादि चूर्ण, शट्यादि चूर्ण, सितोपलादि चूर्ण और तालीशादी चूर्ण आदि। साथ ही रोगी को धूल, धुएं व एलर्जन पार्टिकल्स से बचना चाहिए।



**जोड़ों का दर्द**

पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं इससे अतिरिक्त यूरिक एसिड पेशाब के माध्यम से शरीर से बाहर निकल जाता है। रोजाना सुबह एलोवेरा का रस पीने से लाभ होता है। आधा किलो सरसों के तेल में 250 ग्राम कर्पूर मिलाकर एक शीशी में भर लें। इसे कुछ दिनों तक धूप में रखने के बाद दर्द वाली जगह पर तेल की मालिश करें।

**साइनस**

धूल, धुएं और एलर्जी से बचें, धूम्रपान से दूर रहें, रोजाना सुबह-शाम गुनगुने पानी के साथ लक्ष्मी विलास रस (नारदिय) की दो-दो गोलियां खाएं और रात को सोने से पहले षदबिंदु तेल दो-दो बूंद नाक में डालने से भी लाभ होगा। तुलसी, काली मिर्च और नमक की चाय लेने से साइनस में आराम मिलता है। मिर्गी की समस्या होने पर वैद्य की सलाह से लक्षणानुसार स्मृति सागर रस, सारस्वत चूर्ण, महापैशाचिक घृत, अश्वगंधारिष्ट आदि का सेवन करें।

# तुलसी से दूर होगी शादी, संतान और नौकरी की समस्याएं

तुलसी के पौधे को हिन्दू परम्परा में बहुत पूज्यनीय माना गया है. भारतीय परम्परा में तुलसी को प्राचीन समय से बहुत शुभ माना जाता है. इसे घर का वैद्य कहा गया है. इससे कई तरह की बीमारियां तो दूर होती ही है. साथ ही वास्तुशास्त्र के अनुसार भी इसे घर में रखने का विशेष महत्व माना गया है. तुलसी को घर में लगाने से कई तरह के वास्तुदोष दूर होते हैं. तुलसी के भी बहुत से प्रकार है. जिसमें जिसमें रक्त तुलसी, राम तुलसी, भू तुलसी, वन तुलसी, ज्ञान तुलसी, मुख्यरूप से विद्यमान है. तुलसी की इन सभी प्रजातियों के गुण अलग है.

- शरीर में नाक, कान वायु, कफ, ज्वर खांसी और दिल की बीमारियों पर खास प्रभाव डालती है. तुलसी वो पौधा है जो जीवन को सुखमय बनाने में सक्षम है. वास्तुदोष दूर करने के लिए इसे दक्षिण-पूर्व से लेकर उत्तर पश्चिम तक किसी भी खाली कोने में लगाया जा सकता है. यदि खाली स्थान ना हो तो गमले में भी तुलसी के पौधे को लगाया जा सकता है.



- तुलसी का पौधा किचन के पास रखने से घर के सदस्यों में आपसी सामंजस्य बढ़ता है. पूर्व दिशा में यदि खिड़की के पास रखा जाए तो आपकी संतान आपका कहना मानने लगेगी.
- अगर संतान बहुत ज्यादा जिद्दी और अपनी मर्यादा से बाहर है तो पूर्व दिशा में रखे तुलसी के पौधे के तीन पत्ते रोज उसे किसी ना किसी तरह खिला दें.
- यदि आपकी कन्या का विवाह नहीं हो रहा हो तो तुलसी के पौधे को दक्षिण-पूर्व में रखकर उसे नियमित रूप से जल अर्पण करें. इस उपाय से जल्द ही योग्य वर की प्राप्ति होगी.
- यदि आपका कारोबार ठीक से नहीं चल रहा है तो तुलसी के पौधे को नैत्रहृत्य कोण में रखकर हर शुक्रवार को कच्चा दूध चढ़ाएं.
- नौकरी में यदि उच्चाधिकारी की वजह से परेशानी हो तो ऑफिस में जहां भी खाली जगह हो वहां पर सोमवार को तुलसी के सोलह बीज किसी सफेद कपड़े में बांधकर कोने में दबा दे. इससे आपके संबंध सुधरने लगेगें.

# केले के फायदे, आपको रखे फिट

केला, भारत में मिलने वाला आम फल है जो हर जगह, हर प्रांत में मिलता है। लेकिन अब से इसके छिलके फेंकने से पहले आप सोचेंगे कि इन्हे फेंका जाएं या नहीं। केले के छिलके में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व और कार्बोहाइड्रेट होते है। इसमें विटामिन बी - 6, बी - 12, मैग्नीशियम और कार्बोहाइड्रेट होता है। इसमें सुगर की मात्रा भी काफी ज्यादा होती है। तो जानिए केले के छिलकों के अनोखे लाभ ‑ केले के छिलकों के 10 कमाल के लाभ

1. **दांत चमक जाते है–** केले के छिलके को हर दिन दांत में रगड़ने से उनमें चमक आ जाती है।
2. **मस्सा हटाएं–** इसे आप पैरों या हाथों में निकले वार्ट्स पर लगा सकते हैं। आपको केवल केले के छिलके को उस जगह पर रगड़ना होगा और रातभर ऐसे ही छोड़ देना होगा। इससे दुबारा उस जगह पर वार्ट्स नहीं निकलेंगे।
3. **खाएं–** केले के छिलकों को खाया भी जा सकता है। भारतीय व्यंजनों में इन्हे पकाने की कई विधियां लिखी हुई है। टेंडर चिकेन बनाने में भी इनका उपयोग होता है।
4. **मुहांसे–** केले के छिलके को चेहरे और बॉडी में हर दिन पांच मिनट लगाने से मुंहासे दूर हो जाते है। इसके छिलकों का पेस्ट बनाकर भी लगा सकते है।



5. **रिंकल–** केले के छिलके स्कीन को हाइड्रेट करते है। अंडे की जर्दी में केले के छिलके को मिलाकर चेहरे पर लगाएं, इससे झुर्रियां भाग जाएगी। इस पेस्ट को चेहरे पर 5 मिनट के लिए लगाना होता है। 5 मिनट बाद धो लें
6. **दर्द से राहत मिलती है–** जिस जगह पर भी बॉडी में दर्द होता हों, वहां केले के छिलके लगाने से आराम मिलती है। इसे लगाकर 30 मिनट तक छोड़ दें, इससे भंयकर दर्द में भी राहत मिलती है। सब्जी ऑयल में इसे घिसकर लगाने से भी आराम मिलता है।
7. **सोराईसिस–** सोराईसिस होने पर केले के छिलकों को पीसकर लगाएं, इससे दाग भी चले जाएंगे और आराम मिलेगा।
8. **कीड़े के काटने पर–** अगर किसी कीड़े ने काट लिया हो, तो उस स्थान पर केले के छिलके को पीसकर लगा लें, इससे आराम मिलता है।
9. शू, लेदर, सिल्वर पर पॉलिश का काम करता है– केले के छिलके को शू, लेदर और सिल्वर पर लगाने से उसमें चमक आ जाती है।
10. **अल्ट्रा वॉयलेट किरणों से बचाव–** केले का छिलका आखों की यूवी किरणों से रक्षा करता है। आंखों पर केले के छिलके को थोड़ी देर के लिए रख लें। इससे राहत मिलेगी।



मैक्सिको में कोरोना वायरस संक्रमण रोकने के लिए फेश शील्ड और मास्क लगाकर खाना लेकर जाती हुई एक वेट्रेस।

# भारत-चीन तनाव पर अमेरिका की नजर

**वाशिंगटन ।** भारत ने चीन के 59 एप्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। लद्दाख की गलवां घाटी में हुई हिंसक झड़प में 20 भारतीय जवानों के शहीद होने के बाद भारत में चीन को लेकर गुस्सा बढ़ता जा रहा है। भारत ने 59 चीनी एप्स को प्रतिबंधित करने सहित कई सख्त कदम उठाए हैं। वहीं, भारत और चीन के बीच तनाव को लेकर अमेरिका ने कहा है कि वह हालात पर नजर बनाए हुए है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कायले मैकनेनी ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है, भारत और चीन के संबंध में हम स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। भारत और चीन दोनों ने तनाव कम करने की इच्छा व्यक्त की है। हम वर्तमान स्थिति के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। मैकनेनी ने बताया कि राष्ट्रपति ने कहा, भारत-चीन सीमा पर चीन का



आक्रामक रुख दुनिया के अन्य हिस्सों में चीनी आक्रामकता के बड़े पैटर्न के साथ फिट बैठता है। ये कार्रवाई केवल चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की वास्तविक प्रकृति की पुष्टि करती है। इससे पहले, बुधवार को इस मामले में अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने भारत के फैसले पर कहा कि भारत का एप्स को हटाने का दृष्टिकोण भारत की संप्रभुता को बढ़ावा देगा और अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देगा।

# जिनपिंग के जुड़वां पर चीन ने लगाया बैन





**पेइचिंग।** चीन के एक मशहूर ओपरा सिंगर को ऑनलाइन सेंसर कर दिया गया है क्योंकि वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की तरह दिखते थे। चीन पर आरोप लगता रहा है कि वह जिनपिंग की छवि को कायम रखने के लिए हद से ज्यादा सख्ती अपनाता है। इससे पहले देश में काल्पनिक कैरेक्टर विनी द पूह को भी बैन कर दिया गया था क्योंकि इंटरनेट पर जिनपिंग की तुलना उससे की जाने लगी थी। 63 साल के लिउ केकिंग के टिक-टॉक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अकाउंट को कई बार ब्लॉक किया जा चुका है क्योंकि वह जिनपिंग के लुक्स का उल्लंघन करते हैं। केकिंग बर्लिन में रहते हैं। उन्होंने बताया कि यह तीसरी बार है कि उनका अकाउंट बैन किया गया है। यह क्लिप डिलीट कर दी गई है। केकिंग ने बताया कि उन्होंने दूसरा अकाउंट खोला लेकिन उसे भी डिलीट कर दिया गया। वह फिलहाल सोशल मीडिया पर ऐक्टिव हैं लेकिन कई कमेंट्स अभी भी ब्लॉक हैं।

## लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले न्यूज़ीलैंड के स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा

**वेलिंग्टन।** सुरक्षा चूक के कारण न्यूजीलैंड के एक क्वारनटीन सेंटर में कोरोना के मामले सामने आने के बाद न्यूजीलैंड के स्वास्थ्य मंत्री डेविड क्लार्क ने इस्तीफा दे दिया है। डेविड क्लार्क ने कोरोना को लेकर सरकार की प्रतिक्रिया और लॉकडाउन नियमों के उल्लंघन करने पर आलोचनाओं के बाद इस्तीफा दे दिया है। वे लॉकडाउन के दौरान अपने परिवार के साथ बीच पर गए थे। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के कोरोनामुक्त होने के ऐलान के कुछ दिन बाद ही ब्रिटेन से लौटी दो महिलाएं कोरोना पॉजिटिव मिली थीं। दोनों महिलाओं को सिफारिश के आधार पर क्वारनटीन सेंटर से जल्दी जाने की इजाजत दी गई थी। प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने गुरुवार को डेविड क्लार्क के इस्तीफे की घोषणा की। प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने पहले डेविड क्लार्क को हटाने से इनकार कर दिया था और कहा था कि देश में कोरोना को रोकने में डेविड क्लार्क ने अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, अब पीएम जेसिंडा अर्डर्न ने कहा कि वह डेविड क्लार्क के फैसले से सहमत हैं।

# बोस्टन में हटेगी लिंकन की प्रतिमा के सामने घुटने के बल बैठे दास वाली प्रतिमा

**बोस्टन ।** अमेरिका के बोस्टन शहर में कला आयोग ने उस प्रतिमा को हटाने के लिए सर्वसम्मति से मतदान किया। जिसमें मुक्त किए एक दास को अब्राहम लिंकन के पैरों में घुटने के बल झुके हुए दिखाया गया है। जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में मौत के बाद अमेरिका में दासता के प्रतीकों के खिलाफ बढ़ रहे गुस्से के बीच आयोग को इमैन्सिपेशन मेमोरियल के बारे में काफी शिकायतें मिली थी। यह प्रतिमा बोस्टन कॉमन के नजदीक एक पार्क में वर्ष 1879 से लगी है। यह प्रतिमा इससे तीन



साल पहले वाशिंगटन डीसी में बनाई गई ऐसी ही प्रतिमा से मिलती जुलती है। प्रतिमा को बोस्टन में इसकारण लगाया गया, क्योंकि इस शहर में प्रतिमा को बनाने वाले श्वेत शिल्पकार थॉमस बॉल का घर है। प्रतिमा को अमेरिका में दासों को मुक्त करने के जश्न के तौर पर लगाया गया लेकिन कई लोगों ने काले व्यक्ति के लिंकन के सामने घुटने के बल झुकने को लेकर आपत्ति जाहिर की थी। बोस्टन के मेयर मार्टी वाल्श ने कहा,यह साफ है कि बोस्टन के निवासी और आगंतुक इस प्रतिमा से असहज महसूस कर रहे हैं। प्रतिमा को हटाने की मांग वाली याचिका पर 12,000 से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं। अधिकारियों ने इस हटाने की अभी कोई तारीख तय नहीं की है और कहा कि 14 जुलाई को अगली बैठक में इस पर फैसला लिया जाएगा।

# चीन ने माना, टिकटॉक बैन से होगा अरबों का नुकसान

**पेइचिंग ।** पूर्वी लद्दाख में सीमा पर तनाव होने के बाद भारत ने चीन के 59 ऐप्स को बैन कर दिया। इस कदम से बौखलाया चीन भारत को परिणामों की धमकी देता रहा। उसने यहां तक कह दिया कि प्रोडक्ट बैन करने से भारत की अर्थव्यवस्था पर ही असर पड़ेगा, चीन पर नहीं। हालांकि, उसने माना है कि चीनी कंपनियों और निवेशकों के लिए भारत एक बड़ा मार्केट रहा है जिस पर पिछले तीन साल में



इससे चीन की अर्थव्यवस्था पर असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, अब उसने मान लिया है कि भारत में बैन होने से टिकटॉक ऐप की पैरेंट कंपनी को अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। सिर्फ एक ऐप के बैन होने से अगर इतने नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है तो समझा जा सकता है कि 59 ऐप के बैन होने से चीन को कितना बड़ा आर्थिक झटका लगेगा। ग्लोबल टाइम्स भारत के फैसले को लेकर हमलावर रहा है। उसने कहा है कि भारत में चीनी उनकी नजर रही है। ऐसे में भारत के प्रतिकूल कदम का असर चीन की कंपनियों पर भी पडना़ तय है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में वर्ष 2019 में टॉप 200 ऐप में 38 प्रतिशत चीन के हैं। चीनी ऐप भारत में विकसित ऐप के प्रतिशत 41 से मात्र कुछ ही पीछे थे। वर्ष 2018 में चीनी ऐप भारत से आगे थे। भारत में वर्ष 2019 में भारतीय लोगों ने 5.5 अरब घंटे टिक टॉक पर बिताया था। यह वर्ष 2018 की तुलना में करीब 5 गुना ज्यादा है।



हांगकांग में नये सुरक्षा कानून का विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास करते हुए पुलिस।

# कोरोना पता लगाने के लिए इजरायल ने एजेंसियों को दिया फोन ट्रैक करने का अधिकार

**येरुशलम ।** देश में कोविड-19 की दूसरी लहर को नियंत्रित करने के लिए जारी जद्दोजहद के बीच इजराइल की संसद ने कोरोना वायरस के मामलों का पता लगाने के लिए देश की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी को 'फोन ट्रैक' (फोन की निगरानी) करने का सीमित अधिकार दे दिया है। इजराइल सरकार ने मार्च में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर 'शिन बेट' को प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की अनुमति दे दी थी।

यह निर्णय निजता के उल्लंघन संबंधी चिंताओं के कारण व्यापक स्तर पर आलोचना के बावजूद लिया गया था, लेकिन देश की शीर्ष अदालत ने कानून के तहत मंजूरी दिए जाने तक इस पर रोक लगा दी थी। इज़राइल की संसद 'नेसेट' ने मतदान कर 'शिन बेट' को कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों का पता लगाने के लिए 'फोन ट्रैक' करने की बुधवार को मंजूरी दे दी।

# दुनियाभर में कोरोना संक्रमितों की संख्या 1 करोड़ के पार, मरने वालों का आंकड़ा 5 लाख के ऊपर

**लंदन ।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। दुनिया भर में संक्रमण से मरने वालों की संख्या पांच लाख के पार हो चुकी है।वहीं संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 1.04 करोड़ से अधिक हो गया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार विश्व भर में कोरोना संक्रमितों की संख्या 10,429,999 हो गई है, जबकि 509,628 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। कोविड-19 के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और रूस तीसरे स्थान पर है। भारत में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 18,653 नए मामले सामने आए हैं, और अब कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 5,85,4930 हो गई है। इसी अवधि में कोरोना से 507 लोगों की मृत्यु होने से मृतकों की संख्या



बढ़कर 17,400 हो गई है। भारत संक्रमण के मामले में विश्व में सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में चौथे स्थान पर है।विश्व महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से अब तक 26,83,000 लोग संक्रमित हो चुके हैं तथा 129,545 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ब्राजील में अब तक 13,68,195 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 58,314 लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में भी कोविड-19 का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है, यहां संक्रमण से अब तक 647,849 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 9320 लोगों ने जान जा चुकी है। ब्रिटेन में संक्रमण के कारण हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। यहां अब तक महामारी से 3,11,965 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 43,575 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।संक्रमण के मामले में पेरू और चिली विश्व में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर हैं।वहीं चीन में मंगलवार को कोरोना महामारी के तीन नए मामले सामने आये हैं, जिससे संक्रमितों की संख्या 83,534 पर पहुंच गई। ड्डस्वास्थ्य आयोग ने बुधवार को अपनी दैनिक रिपोर्ट में कहा कि तीनों घरेलू मामले बीजिंग के है। आयोग के अनुसार मंगलवार को संक्रमण से कोई मौत नहीं हुई। पेरू में संक्रमितों की संख्या 2,82,365 और मृतकों की संख्या 9504 हो गई है। चिली में अब तक कोरोना से 2,75,999 लोग संक्रमित हुए हैं और मृतकों की संख्या 5575 है। आठवें स्थान पर स्पेन में अब तक 248,970 लोग संक्रमित हुए है जबकि 28,346 लोगों की मौत हो चुकी है। यूरोपीय देश इटली में भी महामारी ने बहुत कहर बरपाया है। यहां अब तक कोविड-19 से 2,40,436 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 34,744 लोगों की मौत हुई है।

विजडन ने 30 खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की

# जडेजा सबसे मूल्यवान खिलाड़ी घोषित



**नई दिल्ली।** 21वीं सदी की भारतीय टीम का %सबसे मूल्यवान खिलाड़ी% ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को घोषित किया गया है। विजडन ने क्रिकविज का आकलन चुनते हुए 30 खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की है जिसमें जडेजा कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर हैं। पहला स्थान मुथैया मुरलीधरन को दिया गया है। विजडन ने गेंद, बल्ले और फील्डिंग में योगदान की वजह से यह स्थान दिया गया है। एकदिवसीय क्रिकेट की बात करें इंग्लैंड के ऑलराउंडर ऐड्रू फ्लिंटॉफ चोटी पर हैं और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को दूसरे नंबर पर रखा गया है। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के कई दिग्गज खिलाड़ियों को इसमें जगह मिली है। लेकिन कई बड़े नाम इस लिस्ट से गायब हैं। इसमें टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर और इंग्लैंड के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम शामिल नहीं हैं। टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली को 18वें और वनडे में छठे नंबर पर रखा गया है। वहीं सचिन को वनडे टीम में 22वें पायदान पर रखा गया है। भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 8वें पायदान पर हैं। इस लिस्ट को एनालिसिस कंपनी क्रिकविज ने तैयार किया है। इसे बनाने के लिए हर खिलाड़ी को एक खास एमपीवी रेटिंग दी गई। इसमें आंकड़ों के जरिए यह देखा गया कि उस खिलाड़ी का बाकियों के मुकाबले मैच का कितना असर पड़ा। क्रिकविज के फ्रेडी वाइल्ड ने विजडन को बताया, %आपको रविंद्र जडेजा को भारत का नंबर वन खिलाड़ी देखकर हैरानी हो रही होगी। आखिर वह उनकी टेस्ट टीम में अपने आप जगह भी नहीं बनाते। हालांकि जब भी वह खेलते हैं तो उन्हें फ्रंटलाइन स्पिनर के तौर पर चुना जाता है और वह नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हैं। वह मैच में काफी योगदान देते हैं।% उन्होंने आगे कहा, %31 वर्षीय जडेजा की गेंदबाजी औसत 24.62 है जो शेन वॉर्न से बेहतर है और उनकी बल्लेबाजी औसत 35.26 है जो शेन वॉटसन से बेहतर है। उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच 10.62 का अंतर है जो इस सदी में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों, जिन्होंने 1000 से ज्यादा रन बनाए और 150 से ज्यादा विकेट लिए, में दूसरे नंबर का है। वह हाई क्वॉलिटी ऑलराउंडर हैं।% टी20 क्रिकेट की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर तीसरे स्थान पर हैं और क्रिस गेल छठे पायदान पर रखा गया है। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को नंबर वन पर रखा गया है। लेग स्पिनर राशिद ने अपने खेल से काफी प्रभावित किया है। दूसरे नंबर पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं।

## भारत और फिनलैंड का डेविस कप मुकाबला स्थगित



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए फिनलैंड के खिलाफ भारत का डेविस कप टेनिस मुकाबला साल 2021 तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने मैड्रिड में होने वाले डेविस कप फाइनल्स समेत सारे मैच कोरोना वायरस महामारी के कारण एक साल के लिए टाल दिये थे। भारत को सितंबर में विश्व ग्रुप वन मुकाबले में फिनलैंड में खेलना था पर अब यह मुकाबला अगले साल मार्च या सितंबर में फिनलैंड में होगा। आईटीएफ ने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि अभी भी संक्रमण जारी है। हाल ही में एक प्रदर्शनी मैच खेलने वाले सर्विया के स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सहित शीर्ष चार खिलाड़ी कोरोना वायरस संक्रमित पाये गये हैं। आईटीएफ ने कहा, %महामारी के कारण पैदा हुए हालात में चुनौतियों को देखते हुए तीन महीने की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। आईटीएफ के लिए खिलाड़ियों की सेहत और सुरक्षा सबसे पहले है।% इसमें कहा गया, %आईटीएफ बोर्ड ने विश्व ग्रुप वन और विश्व ग्रुप टू के सभी मैच 2021 तक स्थगित करने का फैसला किया है, जो इस साल सितंबर में होने थे।

# मुझे नंबर-3 पर प्रमोट करने का आइडिया चैपल का नहीं

पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने खुलासा किया



**नई दिल्ली।** मुझे नंबर-3 पर बल्लेबाजी कराने का आइडिया सचिन तेंडुलकर का था, ना कि पूर्व भारतीय कोच ग्रेग चैपल का। यह खुलासा किया है पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने। बता दें ?कि साल 2005 में भारत और श्रीलंका के बीच सीरीज के पहले वनडे में पठान को बल्लेबाजी क्रम में प्रमोट करते हुए नंबर-3 पर भेजा गया गया था और उन्होंने 70 गेंदों पर बेहतरीन 83 रन की पारी खेली थी। भारत ने श्रीलंका को इस मैच में 152 रन से मात दी थी। इसके बाद पठान ने कई मैचों में टॉप ऑर्डर पर बल्लेबाजी की थी। पठान मूल रूप से गेंदबाज थे और बहुत से लोगों का मानना है कि बेहतरीन शुरुआत के बाद भी पठान का करियर लंबा नहीं होने की एक वजह उन्हें एक ऑलराउंडर के रूप में विकसित करने की टीम प्रबंधन की रणनीति भी थी। इंटरनैशनल क्रिकेट में 301 विकेट लेने वाले पठान ने रौनक कपूर के साथ इंस्टाग्राम पर कहा, 'मैंने अपने संन्यास के बाद भी कहा था कि मेरा करियर खत्म होने में ग्रेग चैपल का कोई हाथ नहीं था। जहां तक मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए प्रमोट करने की बात थी तो वह आइडिया चैपल का नहीं सचिन पाजी (सचिन तेंडुलकर) का था।' उन्होंने कहा, 'सचिन पाजी ने राहुल द्रविड़ को मुझे नंबर तीन पर भेजने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वह (इरफान) छक्के मारने की ताकत रखते हैं, नई गेंद से तेजी से रन बना सकते हैं और तेज गेंदबाजों को भी अच्छी तरह से खेल सकते हैं, इसलिए उन्हें बल्लेबाजी में ऊपर प्रमोट करना चाहिए।' पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, 'यह पहली बार तब अमल में लाया गया, जब श्रीलंका के खिलाफ मुरलीधरन अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के चरम पर थे और आइडिया उनके खिलाफ आक्रमण करने का था। 35 वर्षीय पठान ने कहा, 'इसलिए, सोच यह थी कि अगर मैं इससे निपटने में सफल रहा, तो यह टीम के हित में जा सकता है। खासकर यह देखते हुए कि यह सीरीज का पहला मैच था। इसलिए यह कहना सही नहीं है कि चैपल ने मेरा करियर खराब किया। वह चूंकि भारतीय नहीं थे, तो उन्हें टारगेट करना आसान है।'दिलहारा फर्नांडो ने उस समय स्पिलिट फिंगर के साथ स्लोअर गेंद फेंकने की शुरुआत की थी और बल्लेबाजों को वह भी समझ में नहीं आ रहा था।'

## विराट की जगह ले सकते हैं रोहित

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि यह भारतीय टीम की खुशकिस्मती है जो उसे विराट और रोहित के रूप में दो बेहतरीन नेतृत्वकर्ता मिले। टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली के नेतृत्व को लेकर उनकी तुलना अकसर उप-कप्तान रोहित शर्मा से की जाती है। विराट और रोहित दोनों ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी-अपनी फ्रैंचाइजी के कप्तान हैं। साल 2017 में कोहली ने हर फॉर्मेट में भारतीय टीम की कमान संभाली थी, जब महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ी जबकि विराट की गैरमौजूदगी में रोहित शर्मा ने टीम का नेतृत्व किया। चोपड़ा ने कहा कि भारतीय टीम के नेतृत्व में बदलाव की तलाश की जा सकती है, यदि कोहली अगले कुछ साल में कोई बड़ी ट्रॉफी जीतने में विफल रहते हैं। आकाश चोपड़ा ने कहा, %भारतीय टीम खुशकिस्मत है। यदि अगले 6 महीनों में या एक-डेढ़ साल में टीम इंडिया कोई बदलाव करती है तो मुझे नहीं लगता कि इससे विराट के प्रदर्शन पर कोई फर्क पड़ेगा। वह उस लेवल पर पहुंच चुके हैं, जहां से नीचे नहीं जा सकते। वह चाहे कप्तान हों या नहीं, उन पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला।

# सत्र की पहली फॉर्मूला वन रेस रविवार को होगी



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रिया में रविवार को सत्र की पहली फॉर्मूला वन रेस होगी जिसका आयोजन रेड बुल रिंग में होगा और यह सर्किट उसके अगले सप्ताह में दूसरी रेस का आयोजन करेगा। रेड बुल रिंग एक सत्र में दो रेस आयोजित करने वाला पहला सर्किट बनेगा। कोरोना वायरस महामारी संक्रमण के खतरे को देखते हुए इस रेस में कोई प्रशंसक और , कोई प्रायोजक नहीं होगा, कोई हॉस्पिटैलिटी नहीं होगी, वीआईपी नहीं होंगे और पैडॉक में टीमें एक-दूसरे से फासले पर रहेंगी। आम तौर पर वैसे तो फॉर्मूला वन सत्र की शुरुआत ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री से मार्च में होती है, पर कोरोना महामारी के कारण इसे रद्द कर दिया गया था और तब से अब तक का सत्र रुका हुआ है। ऐसे में अब फॉर्मूला वन कोरोना से प्रभावित सत्र में बदलाव करने के लिए तैयार हो गया है। इसके साथ ही अगले साल 2021 सत्र के लिए ड्राइवरों की घोषणा हो चुकी है ।हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस सत्र में कितनी रेस हो पाएंगी, क्योंकि सात रेस रद्द की जा गयी हैं। अब आठ राउंड यूरोप में होने हैं लेकिन ये सभी पहली बार दर्शकों के बिना होंगे। आठ राउंड अस्थायी कैलेंडर का हिस्सा हैं लेकिन फॉर्मूला वन को उम्मीद है कि अब भी 15-18 रेस हो सकती हैं जिससे कई सर्किट को दो-दो रेसों का आयोजन करना पड़ सकता है।

## एयरटेल के नेक्सट्रा डेटा में 25 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगा कार्लाइल

**नई दिल्ली।** कार्लाइल समूह एयरटेल के डेटा सेंटर के बिजनेस 'नेक्सट्रा डेटा' में करीब 1,780 करोड़ रुपए में 25 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने पर ?विचार कर रहा है। इससे 'नेक्सट्रा' का मूल्यांकन 1.2 अरब डॉलर होने की संभावना है जो कि 9,084 करोड़ रुपए से अधिक है। समझौता पूरा होने पर कार्लाइल की उद्योग में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी और बाकी 75 प्रतिशत हिस्सेदारी एयरटेल की रहेगी। भारती एयरटेल ने कहा है कि भारती एयरटेल और कम्फर्ट इन्वेस्टमेंट-2 ने घोषणा की है कि कम्फर्ट इन्वेस्ट में-2 नेक्स्ट्रा डेटा में 235 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा। नेक्स्ट्रा डेटा एयरटेल की ही सब्सिडियरी है। गौरतलब है ?कि कम्फर्ट इन्वेस्टमेंट कार्लाइल ग्रुप द्वारा मैनेज किए जाने वाले फंड कैप वी मॉरिशियस से एफिलिएटेड है। अभी इस डील को रेगुलेटरी मंजूरी मिलना बाकी है, जिसके तहत कॉम्पटीशन कमीशन ऑफ इंडिया से भी मंजूरी मिलने का इंतजार है। नेक्स्ट्रा का मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह बड़ी-बड़ी भारतीय और ग्लोबल एंटरप्राइजेज, स्टार्टअप आदि को अपनी सेवाएं मुहैया कराता है। नेक्स्ट्रा के देश भर में 10 बड़े-बड़े डेटा सेंटर हैं।

# वोडाफोन आइडिया को वित्त वर्ष 2019-20 में 73,878 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सांविधिक बकाए का प्रावधान करने के बाद मार्च 2020 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान उसका नुकसान उसकी हानि 73,878 करोड़ रुपए रही। यह किसी भी भारतीय कंपनी को हुई अब तक का सबसे बड़ा नुकसान है। न्यायालय ने आदेश दिया था कि सांविधिक बकाए की गणना में गैर-दूरसंचार आय को भी शामिल किया जाएगा, जिसके बाद कंपनी को 51,400 करोड़ रुपए का भुगतान करना है।




कंपनी ने कहा कि इस देनदारी के कारण कंपनी का कामजारी रहने को लेकर गंभीर संदेह पैदा हुए। वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने शेयर बाजार को बताया कि मार्च तिमाही के दौरान उसका नुकसान 11,643.5 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले की समान तिमाही के दौरान 4,881.9 करोड़ रुपए था और अक्टूबर-दिसंबर 2019 तिमाही में 6,438.8 करोड़ रुपए था। कंपनी ने बताया कि मार्च 2020 तिमाही के दौरान परिचालन से आय 11,754.2 करोड़ रुपए रही। बीते वित्त वर्ष के दौरान कंपनी को 73,878.1 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। वोडाफोन आइडिया को वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान 14,603.9 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था।

